

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, क्योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# दैनिक यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 59 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 24 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....



## कांग्रेस कर रही भ्रष्ट एजेंसी को करोड़ो के भ्रुगतान और कांग्रेस जिलाध्यक्ष भाजपा पर फोड़ रहे ठीकरा - ज्ञानचंद



सिवनी यशोः - कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नगर की नवीन जलावर्धन योजना में भ्रष्टाचार के संबंध लच्छेदार भाषण देकर देकर कांग्रेस के पक्ष में वातावरण बनने का असफल प्रयास कर रहे है और जनता को भ्रमित कर रहे है उनकी अपनी ही पार्टी के नपा अध्यक्ष से नहीं पट रही है तो वे भड़ास भाजपा का नाम लेकर निकाल रहे है । जिस कार्य एजेंसी को वे भ्रष्ट बता रहे है उस कार्य एजेंसी को कांग्रेसी अध्यक्षीय परिषद के अध्यक्ष शफीक खान धड़ाधड़ करोड़ो रूपये का भुगतान कर रहे है और वह भी परिषद द्वारा गठित जाँच समिति के द्वारा कार्य एजेंसी को घटिया कार्य करने की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद । कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री राजकुमार खुराना जी अपनी पार्टी के नपा अध्यक्ष के विरूद्ध बोलने के लिये भाजपा के नाम का सहारा न ले यदि उन्हें कार्यवाही करना है तो नपा अध्यक्ष शफीक खान पर कार्यवाही करने का उन्हें दलगत अधिकार है । उक्ताशय की बात नगर पालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही ।



### अपनी पार्टी के नपा अध्यक्ष को भ्रष्ट बोलने का साहस नहीं कर पा रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष



श्री सनोडिया ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार में सिर से पाँव तक डूबी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री खुराना जी को यह बात अच्छी तरह से पता है कि भाजपाई परिषद के समय नवीन जल आवर्धन योजना की कार्य एजेंसी द्वारा सही तरीके से काम नहीं किया जा रहा था जिसके कारण कार्य एजेंसी के भुगतान रोक दिये गये थे परंतु कांग्रेसी अध्यक्षीय परिषद के सत्ता में आते ही योजना में अनियमित्ता करने वाली कार्य एजेंसी को करोड़ो रूपये के भुगतान प्रारंभ हो गये जबकि कांगेसी अध्यक्षीय परिषद ने कार्य एजेंसी के काम की गुणवत्ता की जाँच के लिये एक समिति गठित की थी इस समिति ने नवीन जल आवर्धन योजना के कार्य में हुई अनियमित्ताओं एवं घटिया काम का उल्लेख करते हुये कार्य एजेंसी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने एवं भुगतान रोकने का प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया है उसके बाद भी नपा अध्यक्ष किस कारण से करोड़ो रूपये का भुगतान कर रहे है कांग्रेस अध्यक्ष श्री खुरान को यह बात स्पष्ट करना चाहिये ।

### कमलनाथ का केवल गुणगान न करे यह भी बताये कि उन्होंने नुकसान कितना किया

श्री सनोडिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में आगे कहा कि कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने सिवनी नगर की पेयजल व्यवस्था को सुधारने के लिये केन्द्र में शहरी विकास मंत्री रहते हुये महज 48 करोड़ रूपये की राशि क्या दी कांग्रेसी नगर की जनता को ऐसा एहसास कर रहे है जैसे कमलनाथ जी ने सिवनी की जनता को खरीद लिया हो कांग्रेसी उस बात का इतना गुणगान कर चुके है कि अब जनता को बुरा लगने लगा है । भाजपा की कल्याणकारी सरकार ने हजारों करोड़ रूपये के विकास कार्य करा दिये परंतु इतना गुणगान भाजपा ने कभी नहीं किया परंतु कांग्रेस बार बार एक ही गाना गाते है कि कमलनाथ जी ने दिये कमलनाथ जी ने दिये कांग्रेसी कभी यह भी बोलने का सहास करें कि कमलनाथ जी ने सिवनी जिले को नुकसान पहुँचाने के लिये कितनी अडंगेबाजी की है। जिनके कारण सिवनी का मेडीकल कालेज बनने में बिलंब हो रहा है । सिवनी की फोरलेन बनने में बिलंब हुआ, रेल्वे का काम होने में बिलंब हुआ और संभाग बनने में सिवनी के साथ उन्होंने जो पैतरेबाजी की वह सिवनी के लिये अभिशाप बन गयी है और तो और अब तो आम जनता भी कहने लगी है कि कमलनाथजी सिवनी के विकास के लिये हानिकारक है ।



## कांग्रेस कार्यालय में वीरांगना दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया जायेगा आज

सिवनी यशोः-वीरागंना रानीदुर्गावती जी का बलिदान दिवस पर दिनांक 24 जून 2023 दिन शनिवार को दोपहर 1.30 बजे कचहरी चैक में रानीदुर्गावती जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजकुमार खुराना ने समस्त कांग्रेस जन से रानीदुर्गावती जी की प्रतिमा स्थल कचहरी चैक में उपस्थित होने की अर्पील की है।

## शासकीय आईटीआई मंडला में प्रवेश 25 तक

मंडला यशोः- 25 जून 2023 तक शासकीय आईटीआई जिला मंडला में विभिन्न व्यवसायों के एक वर्षीय एवं द्विवर्षीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एकेकण्हवअण्पद पर किया जा सकता है। च्वाईश फिलिंग 12 जून से प्रारंभ हो गई है जिसमें प्रशिक्षणार्थी अपनी पंसद के अनुसार व्यवसाय का चयन कर सकते हैं।

## 29 को मनेगा ईद उल अजहा त्यौहार

सिवनी यशोः- ईद उल अजहा का त्यौहार आगामी 29 जून को मनाया जाएगा। त्यौहार मनाने की तैयारियां मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा की जा रही हैं। शहर काजी मो.अनीस अंसारी ने बताया कि ईद उल अजहा बरोज जुमेरात 29 जून को मनाया जाएगा।

## ''राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत तालू का हुआ निःशुल्क ऑपरेशन''

सिवनी यशोः- -मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पिण्डरई भोमा निवासी सुजीत राय का शासन की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना अंतर्गत तालू का निःशुल्क ऑपरेशन हुआ । जिस कारण सुजीत राय वर्तमान में सामान्य लोगो की तरह बोल पा रहा है।

सुजीत राय का कहना है कि मेरे गले की गोगली नही थी तथा तालू भी अच्छे से नही था। एक दिन मुझे शासन की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना के बारे में पता चला। तब मैने योजना अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन करवाया। अब मैं बहुत अच्छे से बोलने लगा हूं। पहले मुझे बात करने में बहुत परेशानी होती थी मैं अच?छे से नही बोल पाता था। अब मुझे बहुत अच?छा महसूस होता है कि मैं अब सामान्य लोगो की तरह ही बात कर सकता हूं। शासन प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का धन?यवाद कि उनके प्रयास से मेरा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन हुआ।

## जबरन नॉलेज




## '' आयुष्मान योजना अंतर्गत इसरत का हुआ सफल ऑपरेशन''

सिवनी यशोः- शासन की जन कल्याणकारी योजना आयुष्मान भारत निरामयम योजना अब गरीब असहाय बच्चो के लिये वरदान साबित हो रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि भोमा निवासी रेहाना एवं शारिक अंसारी की 8 वर्षीय पुत्री इसरत अंसारी को छाती में धड़कन, थकान हाफना, सांस लेने में तकलीफ, चक?कर आना, उठ नही पाना जैसी गंभीर समस?याएं थी। परिजन इसरत की बीमारी से अनभिज्ञ थे। वे ये जानते भी नही थे कि इसरत किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित है। इसरत की इन समस?याओं के देखते हुए परिजनों ने ग्राम की आशा से संपर्क किया। आशा ने उन?हे जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी। जहां चिकित्सको ने इसरत का सी.टी. स्कैन करके ब्रेन में इंफेक?शन से ग्रसित होने की पुष्टि करते हुए नागपुर में ऑपरेशन कराने की सलाह दी । इसके पश?चात इसरत के परिजन उसे नागपुर के हॉस्पिटल ले गए जहा डॉक्टरों ने उन्हे 3 लाख का खर्च बताया। ऐसी स्थिति में परिजन अत्यधिक चिंतित हो गए एवं पैसो का इंतजाम नही कर पा रहे थे।



तब आशा एवं चिकित्सको ने उनकी मदद करते हुए आयुष्मान भारत योजना की जानकारी दी इसके पश?चात भोपाल के केयर इनफिनिटी हॉस्पिटल में इसरत का शासन की जन कल्याणकारी योजना आयुष?मान भारत योजना अंतर्गत निःशुल्क सर्जरी एवं उपचार किया गया। अब इसरत पूर्णतः स्वस्थ है।

## कलचुरी समाज को विधायक ने सामाजिक भवन के निर्माण हेतु 5 लाख रूपये प्रदान की



बरघाट यशोः- तहसील के कलचुरी (कलार) समाज ने बरघाट नगर में निर्माणाधीन अपने सामाजिक भवन हेतु क्षेत्रीय विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया से भेंट कर विधायक निधी की मांग की थी। जिस पर विधायक जी के द्वारा तत्काल सहमति देते हुये अपनी निधी से 5 लाख रूपये की राशि प्रदान करने का अनुमोदन पत्र सामाजिक जनों को प्रदान किया गया है। विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया की इस सहृदयता तथा सद्भावना के प्रति बरघाट कलचुरी समाज ने विधायक जी का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया है तथा धन्यवाद ज्ञापित किया है।

उल्लेखनीय हो कि बरघाट के कलचुरी समाज के जागरूक बंधुओं ने अपनी संस्था का पंजीयन वर्ष 2015-16 में ही करा लिया था। और उसके बाद दानवीर स्व. टंकीलाल सूर्यवंशी जी के द्वारा दान दी गयी भूमि को भी विधिवत प्रक्रिया से अपनी पंजीकृत सामाजिक संस्था के नाम से नामांतरण करा लिया था। तब से ही समाज के पदाधिकारी गण सामाजिक भवन के निर्माण हेतु सभी जरूरी प्रक्रियाओं को पूर्ण कराने हेतु प्रयासरत हैं। इसी कड़ी मे विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया से भी राशि की मांग की गयी थी, जिस पर माननीय विधायक जी ने त्वरित कार्यवाही करके 5 लाख रूपये की राशि कलचुरी समाज को प्रदान कर दी है।

## कांग्रेस कार्यालय में हुआ सुहागलो का कार्यक्रम



सिवनी यशोः- गत गुरूवार को इंदिरा भवन कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी में जिले की सुख समृद्धि की कामना लिए जिला महिला कांग्रेस द्वारा जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति चित्रलेखा शाह नेताम, नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति तृप्ति नामदेव, श्रीमति योगिता सनोडिया,, वरिष्ठ काँग्रेस नेत्री श्रीमति ललिता बघेल, द्वारा सुहागले पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुहागले पूजन के इस धार्मिक आयोजन में पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कविता कहार, पार्षद श्रीमतीआकांक्षा सेंगर, श्रीमती नेहा प्रथयानी, पूर्व पार्षद श्रीमति नारायणी सक्सेना, श्रीमती श्रद्धा मिश्रा, श्रीमति अपर्णा राजकुमार खुराना, श्रीमती आशा चंदेल, श्रीमती सीता निखारे, श्रीमती शशि भारद्वाज, श्रीमति शारदा भारद्वाज, श्रीमती स्वाती सिसोदिया, श्रीमती भावना सिसोदिया, श्रीमती रोशनी उइके, श्रीमती ज्ञानता बोरकर, श्रीमती शिखा बदेवार, श्रीमती नीलम साहू, श्रीमती सरोज साहू, श्रीमती सुलोचना बघेल, श्रीमती सावित्री बघेल, श्रीमती भावना सिसोदिया,श्रीमती गीता कुशवाह, श्रीमति मोनिका दीक्षित,श्रीमती भारती सिसोदिया, श्रीमती सुनीता बघेल,श्रीमती ज्योति नामदेव,श्रीमती रेखा, श्रीमती रामबाई झारिया, श्रीमती गिरजा चन्द्रवंशी, श्रीमती मंजू सोनी, श्रीमती ज्योति कुशवाह, श्रीमति सपना बघेल, श्रीमती आशा बघेल, श्रीमती राधा सनोडिया,श्रीमतीपिंकी सनोडिया, श्रीमती सुषमा तिवारी, श्रीमती प्रीति दुबे, श्रीमती कृष्कांती ठाकुर, श्रीमती रानी चैधरी, श्रीमती जानकी चैधरी श्रीमती एकता बारापात्रे, श्रीमती मंजू आत्मपूज्य, श्रीमती सावित्री सनोडिया, श्रीमती रोशनी ठाकुर, श्रीमती संतोषी डोंगरे, श्रीमती जया मालवीय, श्रीमती कल्पना शर्मा, श्रीमती उर्मिला शर्मा, श्रीमती संजू सनोडिया, श्रीमती निर्मिला सनोडिया, श्रीमती सुषमा सनोडिया, श्रीमती सारिका माल्वीय, श्रीमती कीरण डहेरिया, श्रीमती वंदना चंदेल, श्रीमती कृष्णाजावरे,,श्रीमती विनीता बघेल सहित बडी संख्या में काँग्रेस नेत्री एवँ माताओं बहनों की गरिमामयी उपस्थित में पूर्ण विधि विधान के साथ सुहागले पूजन का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला काँग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना सहित कार्यकारी अध्यक्ष सेवक राम चन्द्रवँशी, राजेश मानाठकुर, मुकेश चीकू सक्सेना, अजय मिश्रा, सुमित मिश्रा, नितिन शुक्ला, सतेन्द्र बघेल एवँ अन्य काँग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

## भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि मनायी गयी



सिवनी यशोः-सिवनी भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शुक्रवार को जनसंघ के संस्थापक डां. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनायी गयी है । कार्यालय में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर अन्य वरिष्ठ नेताओं ने डाँ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलय चित्र के समक्ष दीप प्रजजवलित कर पुष्प अर्पित किये ।

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिस भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी उसके विराट रूप में हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता है, आज हम सबको यह कहते हुए प्रसन्नता है कि डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर से धारा-370 हटाने को लेकर जो बलिदान दिया था, भारतीय जनता पार्टी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सरकार के नेतृत्व मे उस संकल्प को पूरा किया है। कश्मीर से धारा-370 हटी है। अब मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनसघ की स्थापना जिन आदर्शों के लिए हुई थी, उन एक-एक आदर्शो व सपनों को पूरा किया जा रहा है। डॉ. मुखर्जी हमारे आदर्श हैं और उनके बताए हुए मार्ग व आदर्शो पर ही भाजपा की केन्द्र और प्रदेश की सरकार चल रही है और उनके सपनों को पूरा करने का काम कर रही है।

इस दौरान पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। हम डाँ. मुखर्जी जैसे ऐसे व्यक्तित्व का आज बलिदान दिवस मना रहे है जिन्होंने आजादी के बाद अखंड भारत के लिये पहला बलिदान दिया था । आज ऐसे सपूत को श्रद्ांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी। डॉ. ध्यामा प्रसाद मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे। आज हम उस बलिदान को सार्थक सिद्ध करने में एक इकाई के रूप में है और धारा 370 की समाप्ति कर उनके सपने को साकार होते हुये देख रहे है ।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, आनंद शर्मा, गजानंद पंचेश्वर, संजीव मिश्रा, डाँ अभिजीत चौहान, ओम प्रकाश तिवारी, गर्वे जी, युवराज सिंह रांहगडाले, संजय सोनी, अभिषेक दुबे राजेश यादव, गोलू पंडित, मिथलेश वर्मा, दिलीप वर्मा,मदन ठाकुर ऋषभ चौरसिया, मनोज नामदेव डाँ सुनील राय, सहित अन्य पदाधिकारी , एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

## वीरांगना रानी दुर्गावती की गौरव यात्रा जिले के विभिन्न ग्रामों से होती हुई मण्डला के लिए हुई रवाना

सिवनी यशोः- शौर्य और स्वाभिमान की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरगाथा और जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बुधवार 22 जून को बैतूल सांसद एवं यात्रा प्रभारी श्री दुर्गादास उईके के नेतृत्व में छिंदवाड़ा से निकली रूट क्रमांक 2 की गौरव यात्रा रात्रि में सिवनी जिला पहुंची और ग्राम बींझावाड़ा बालक छात्रावास में रात्रि विश्राम किया। जिसके उपरान्त 23 जून को प्रातः बैतूल सांसद एवं यात्रा प्रभारी दुर्गादास उईके के नेतृत्व और केवलारी विधायक राकेश सिंह पाल, आलोक दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समन्वयक जन अभियान परिषद सिवनी सौरभ शुक्ला एवं समिति के सदस्य, जनजाति कार्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी की अगुवाई में यह गौरव यात्रा अपने निर्धारित रूट मार्ग अनुसार ग्राम बिठ्ली, ग्राम इंदावाड़ी, भोमा, कटिया, कामता, कान्हीवाडा, छुई, मानेगांव, डूंडासिवनी, खैरा, चिरचिरा, कुडारी, सुकवाहा, रावठान, धनौरा खुर्द, पिपरिया भसूडा, साजपानी, धनौरा, पिपरिया नाई, खमरिया, कहानी, दारोट कला, मेहता, बालपुर, छीतापार, घंसौर, केवलारी, पहाड़ी, कुडोपार, मोहगांव, मानेगांव, पिपरिया, भिलाई, सालीवाडा व कटिया से होती हुई जिले में यात्रा के अंतिम ग्राम रजरवाड़ा पहुंची। इस दौरान जगह-जगह स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जनजातीय वर्ग के गणमान्य नागरिकों, ग्रामीणों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा यात्रा का डोल बाजों के साथ भव्य आत्मीय स्वागत करते हुए वीरांगना रानी दुर्गावती को नमन किया गया।



यात्रा के ग्रामवार पड़ाव के दौरान आयोजित हुए कार्यक्रमो में यात्रा प्रभारी एवं बैतूल सांसद दुर्गादास उईके, विधायक केवलारी राकेश सिंह पाल द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई और वीरांगना रानी दुर्गावती की गौरव गाथाओं का वर्णन किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश शासन द्वारा सभी वर्ग एवं महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं से भी अवगत कराया।

# ‘गीता प्रेस’ के सम्मान का विरोध करके क्या प्राप्त होगा ?

लोकेन्द्र सिंह-

भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने सर्वसम्मति से गीता प्रेस, गोरखपुर को प्रतिष्ठित ‘गांधी शांति पुरस्कार’ देने का निर्णय करके बहुत अच्छा काम किया है। इसी वर्ष गीता प्रेस ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण किये हैं। अपनी इस 100 वर्ष की यात्रा में इस प्रकाशन ने भारतीय संस्कृति की खूब सेवा की है।

भारतीयता के विचार को जन-जन तक पहुँचाने में गीता प्रेस का कोई मुकाबला नहीं कर सकता। वर्ष 1923 में स्थापित गीता प्रेस आज विश्व के सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक मानी जाती है। इस प्रेस ने अब तक 14 भाषाओं में 41.7 करोड़ पुस्तकें प्रकाशित कर नया कीर्तिमान बनाया है। इनमें से श्रीमद्भगवद्गीता की 16.21 करोड़ प्रतियां शामिल हैं। गीता प्रेस की नीति के कारण श्रीमद्भगवतगीता, श्री रामायण, श्री महाभारत सहित अनेक भारतीय ग्रंथ घर-घर तक पहुँच सके।

पुरस्कार की घोषणा के बाद गीता प्रेस को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही कहा- ÷गीता प्रेस ने पिछले 100 वर्षों में लोगों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने की दिशा में काफी सराहनीय कार्य किया है÷। आश्चर्य है कि कुछ लोगों/संगठनों को गीता प्रेस को पुरस्कार दिए जाने का निर्णय भी चुभ रहा है।

सामान्य लोगों को भी यह समझ आ रहा है कि विरोध के पीछे की मानसिकता क्या है- गीता प्रेस ने हिन्दू धर्म-संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाया है, क्या इसलिए उन्हें कष्ट है? देश में कुछ विचार समूह ऐसे हैं, जिन्हें प्रत्येक हिन्दू पहचान एवं भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पित संस्थाओं से चिढ़ है। ÷गीता प्रेस को ‘गांधी शांति पुरस्कार-2021’ दिया जाना, सावरकर और गोडसे को पुरस्कार देने जैसा है÷।

यह विचार अत्यंत संकीर्ण सोच को प्रकट करता है। इस बेतुके बयान के समर्थन में जिस पुस्तक का जिक्र किया गया है, उसके लेखक को गीता प्रेस और उसके प्रकाशनों के प्रति बुनियादी जानकारी ही नहीं है। पुस्तक ‘गीता प्रेस एंड द मेकिंग ऑफ हिन्दू इंडिया’ में लेखक अक्षय मुकुल ने अनेक बुनियादी बातों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया है। एक मजेदार तथ्य यह है कि इस पुस्तक की प्रशंसा विवादित लेखिका अरुंधति रॉय ने की है।

याद हो, अरुंधति मानवता के दुश्मन खूंखार नक्सलियों को बंदूकधारी गांधीवादी बताती है। इस पुस्तक के आधार पर पूर्व में भी गीता प्रेस की




प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयत्न किया जा चुका है। इस बात को तथ्यात्मक रूप से समझने के लिए डॉ. संतोष कुमार तिवारी का शोधपूर्ण आलेख ‘गीता प्रेस को बदनाम करने की कोशिश’ पढ़ना चाहिए, जो 20 मार्च 2017 को पांचजन्य के वेबसाइट पर प्रकाशित है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. तिवारी ने ब्रिटेन के कार्डिफ विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की है और वे झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग से प्राध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

विरोधियों की मानसिकता देखिए कि वे गीता प्रेस के सम्मान को स्वातंर्त्यवीर सावरकर और नाथूराम गोडसे से जोड़कर एक यशस्वी प्रकाशन के संबंध में भ्रम और विवाद खड़ा करना चाहते हैं। ओछे राजनीतिक स्वार्थ के चलते स्वातंर्त्यवीर सावरकर के प्रति चिढ़ ने नेताओं को इतना अंधा कर दिया है कि उन्हें इस महान क्रांतिकारी के संबंध में न तो महात्मा गांधी के विचार स्मरण रहते हैं और न ही पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के विचार एवं कार्य।

वितंडा खड़ा करने में आनंद लेनेवालों को समझना होगा कि तथ्यों के घालमेल से सच नहीं बदल जाएगा। सच यही है कि गीता प्रेस के प्रति प्रत्येक भारतीय के मन में अगाध श्रद्धा है। गीता प्रेस ने अपनी अब तक की अपनी यात्रा में भारतीय संस्कृति की महान सेवा की है।

विरोधियों द्वारा यह कहना कि महात्मा गांधी और गीता प्रेस के प्रबंधकों के बीच घोर असहमतियां थी- निराधार और मूर्खतापूर्ण कथन है। महात्मा गांधी और गीता प्रेस के संबंध कैसे थे, इसे दो प्रमाणों के आधार पर समझिए। गीता प्रेस की सुप्रसिद्ध पत्रिका ‘कल्याण’ के पहले अंक में महात्मा गांधी ने लेख लिखा था।

इतना ही नहीं, बाद में भी गांधीजी कल्याण के लिए लिखते रहे। दूसरा तथ्य देखिए- पत्रिका के संपादक भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार और प्रबंधन ने महात्मा गांधी के आग्रह को शिरोधार्य करते हुए ‘कल्याण’ में कभी विज्ञापन प्रकाशित नहीं किए।

गीता प्रेस का अध्ययन करनेवाले विद्वान डॉ. संतोष तिवारी ‘पांचजन्य’ में 19 जून 2023 को प्रकाशित लेख ‘गीताप्रेस- गांधीजी और कल्याण के रिश्ते’ में लिखते हैं- ÷कल्याण के अक्टूबर 1946 के अंक पर एक बार ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंध भी लगाया था। जब ‘कल्याण’ का प्रकाशन दोबारा शुरू हुआ तो श्री पोद्दार बापू से आशीर्वाद लेने गए थे।

गांधीजी ने तब उनको यह सलाह दी थी कि कल्याण में कभी भी बाहर का कोई विज्ञापन या पुस्तक समीक्षा मत छापना। ‘कल्याण’ पत्रिका आज तक गांधीजी के उस परामर्श का अनुसरण करती आ रही है। गीता प्रेस किसी से कोई दान राशि भी स्वीकार नहीं करती है÷।

एक अन्य तथ्य भी ध्यान रखिए कि भारत की स्वतंत्रता के संकल्प को शक्ति देने के लिए ‘राम-नाम जाप’ का आग्रह लेकर जब भाई पोद्दार मुंबई में महात्मा गांधी से मिले थे, तब गांधीजी ने ‘राम-नाम’ का प्रसार करने के लिए प्रशंसा की थी।

वास्तविकता यह है कि महात्मा गांधी के साथ श्री पोद्दार का संबंध एक परिवार के जैसा था। 1932 में गांधीजी के पुत्र देवदास गांधी को अंग्रेजी सरकार ने गिरफ्तार करके गोरखपुर जेल में रखा था। गांधीजी के कहने पर श्री पोद्दार ने देवदास गांधी का पूरा ख्याल रखा और नियमित रूप से जेल में उनसे मिलते रहे। रिहाई के फौरन बाद जब देवदास गांधी बीमार पड़े, तब भी श्री पोद्दार ने उनका ख्याल रखा।

महात्मा गांधी ने 21 जुलाई 1932 को भाई हनुमान प्रसाद पोद्दार को लिखे पत्र में प्रसन्नता एवं आश्वस्ति व्यक्त करते हुए लिख है- ÷भाई हनुमान प्रसाद, आज तुम्हारा पत्र मिला और तार भी। तुम जबतक वहाँ हो, तबतक मुझे देवदास की चिंता नहीं रहेगी। और फिर, देवदास ने मुझे लिखा है कि तुमने बहुत स्नेहपूर्ण बर्ताव किया है। डॉक्टर वाकई बहुत अच्छे आदमी हैं। समय-समय पर तुम्हारे पत्र मुझे मिलते रहेंगे, ऐसी मेरी सदैव आशा है÷ (देखें- संपूर्ण गांधी वाङ्मय (हिन्दी), खण्ड-50, पृष्ठ-274)। कई लोग यह भी झूठ फैलाते हैं कि ‘कल्याण’ में महात्मा गांधी की हत्या के बाद उन पर कोई सामग्री प्रकाशित नहीं हुई। वास्तविकता यह है कि जब महात्मा गांधी की हत्या हुई तब ‘कल्याण’ में दो श्रद्धांजलियां प्रकाशित हुई, जिनमें से एक स्वयं संपादक भाई हनुमान प्रसाद पोद्दार ने लिखी थी। अपने संदेश में उन्होंने लिखा- ‘‘गांधीजी धर्म और जाति के भेद से ऊपर उठे हुए थे और सत्य एवं अहिंसा के सच्चे पुजारी थे’’।

इसके बाद भी यदि कुछ लोग यह कहकर विरोध में छाती पीट रहे हैं कि महात्मा गांधी का गीता प्रेस के प्रबंधकों एवं संपादक भाई हनुमान प्रसाद पोद्दार के साथ गहरा मतभेद था, तब वे किस-किस का विरोध करेंगे क्योंकि अनेक मुद्दों पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरदार भगत सिंह और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर से लेकर अनेक महापुरुषों के साथ गांधीजी असहमतियां रखते थे।

गीता प्रेस का संकल्प देखिए कि उसने आज तक किसी से अनुदान प्राप्त नहीं किया। इसी संकल्प को बनाए रखते हुए गीता प्रेस के प्रबंधकों ने ‘गांधी शांति पुरस्कार-2021’ को तो स्वीकार किया लेकिन पुरस्कार में मिलनेवाली एक करोड़ रुपये की राशि को स्वीकार करने से मना कर दिया।

एक करोड़ रुपये की राशि, बहुत बड़ी राशि है। गीता प्रेस का विरोध करनेवाले गिरोह में ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो अवार्ड वापसी समूह का हिस्सा रहे हैं। उस बनावटी अभियान में इन लोगों ने अवार्ड तो लौटाए थे लेकिन उसके साथ मिली राशि को आज तक नहीं लौटाया है।

## भवनों में फायर सेफ्टी उपकरण नहीं तो लगेगा जुर्माना, नगरीय निकायों को निर्देश

**सभी बहुमंजिला इमारतों में नियमित माकड्रिल से जन-समुदाय को जागरूक और प्रशिक्षित किया जाएगा।**



भोपाल । सतपुड़ा भवन में आग लगने की घटना के बाद प्रदेश सरकार सतर्क हो गई है। अब भवन में फायर सेफ्टी उपकरण उपलब्ध नहीं है तो नोटिस जारी कर अर्थदंड की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह के निर्देश पर आयुक्त भरत यादव ने सभी नगर निगम और निकायों को पत्र जारी कर हिदायत दी है। इसमें कहा गया है कि ऐसे सभी भवन, जिनके भवन स्वामियों द्वारा फायर सेफ्टी प्लान एवं फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त कर अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रविधान नहीं किए हैं, उनको नियमानुसार नोटिस जारी कर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाए। नोटिस देने के बाद भी यदि भवन स्वामी द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है, तो जिला कलेक्टर को सूचना देकर भवन में संचालित गतिविधियों को बंद कराने के लिए समुचित कार्रवाई की जाएगी। सभी बहुमंजिला इमारतों में नियमित माकड्रिल से जन-समुदाय को जागरूक और प्रशिक्षित किया जाएगा।

बहुमंजिला इमारतों का नियमित निरीक्षण कर फिक्स्ड फायर फायटिंग सिस्टम और स्प्रिंक्लर की स्थिति का आकलन भी निकायों द्वारा किया जाएगा।

साथ ही अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दिसंबर-2022 में जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन और अग्निशामक कर्मचारियों को नवीन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाना विशेष तौर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## उज्जैन में तालाब में डूबने से दो किशोरों की मौत



उज्जैन। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कालियादेह महल में जैथल रोड पर अमृत तालाब में डूबने से दो किशोरों की गुरुवार को मौत हो गई। किनारे पर रखे कपड़े, मोबाइल व चप्पल से दोनों के डूबने का पता चला। इसके बाद ग्रामीणों ने तालाब से देर शाम शव निकाले।

भैरवगढ़ थाना प्रभारी प्रवीण पाठक ने बताया कि कालियादेह महल गांव में जैथल रोड पंचकोसी मार्ग पर अमृत तालाब बना हुआ है। इसकी गहराई काफी अधिक है। गुरुवार दोपहर गांव के निवासी विजय उम्र 16 वर्ष तथा गोपाल उम्र 16 वर्ष तालाब में नहाने चले गए थे। उसी दौरान दोनों की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने तालाब किनारे चप्पल, कपड़े व मोबाइल रखे हुए देखे थे।

**देर शाम ग्रामीणों ने निकाले शव**

इसके बाद अभियान चलाकर दोनों के शवों को देर शाम तालाब से निकाला गया?। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। किशोरों के शव देखकर ग्रामीण बुरी तरह बदहवास हो गए?। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम किया है। बताया जा रहा है कि गांव के समीप से इंदौर गरोठ रोड बन रहा है। जिसके निर्माण के लिए काफी मात्रा में मिट्टी खोदी गई थी। इसी वजह से तालाब काफी अधिक गहरा हो गया था।

## निकली वीरांगना की गौरव रथ यात्रा

छिंदवाड़ा।. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 27 जून को शहडोल में हो रहे वीरांगना रानी दुर्गावती शौर्य गौरव गाथा कार्यक्रम में शामिल होने गुरुवार को जिले से गौरव यात्रा को रवाना किया गया। रानी दुर्गावती चौक से बैतूल सांसद दुर्गादास उइके समेत जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखाई। ये यात्रा 26 जून तक विभिन्न स्थानों पर विश्राम करने के बाद शहडोल पहुंचेगी।

## पन्ना के बाद रीवा की धरती से भी निकलेगा हीरा, चार सौ हेक्टेयर नीलाम करने की तैयारी





**अब नीलामी प्रक्रिया में शामिल होकर ठेका लेने वाली कंपनी खुदाई करके हीरों की खोज शुरू करेगी।**

भोपाल ।पन्ना के बाद रीवा जिले की धरती से भी हीरा निकाला जाएगा। खनिज साधन विभाग त्योंथर तहसील के मझगवां, सुहागी और पुरवा में स्थित चार सौ हेक्टेयर के डायमंड ब्लाक को नीलाम करने की तैयारी कर रहा है। इसे दो साल पहले ही डायमंड ब्लाक घोषित किया गया है। इसके साथ चूना पत्थर, बाक्साइट, मैंगनीज, तांबा और फासोराइट की 40 खदानें भी नीलाम की जाएंगी। इससे सरकार को दो सौ करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। रीवा जिले में तीन साल पहले सर्वे कराया गया था, जिसमें तीनों गांवों में हीरा होने के प्रमाण मिले हैं।

**जमीन में हीरों के भंडार का अनुमान**

अब नीलामी प्रक्रिया में शामिल होकर ठेका लेने वाली कंपनी खुदाई करके हीरों की खोज शुरू करेगी। इससे यह भी अनुमान लगाना आसान होगा कि जमीन में हीरों का कितना भंडार है।

**इन जिलों के क्षेत्रों को किया गया चिन्हित**

इसके बाद हीरा निकालने के लिए निविदा बुलाई जाएंगी, हालांकि इसमें तीन से चार साल लग सकते हैं। खनिज निगम ने गौण खनिज के लिए सतना, बालाघाट, झाबुआ, बैतूल, छिंदवाड़ा, धार, जबलपुर, पन्ना, आलीराजपुर और डिंडौरी के ब्लाकों को चिह्नित किया है।

## छतरपुर में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे ने अपने पद से इस्तीफा दिया

छतरपुर। मध्य प्रदेश की एक महिला डेप्युटी कलेक्टर ने अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया है। अधिकारी ने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि उसके घर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में जाने की अनुमति देने से सामान्य प्रशासन विभाग ने इनकार कर दिया था। मामला छतरपुर जिले के लवकुशनगर का है। यहां एसडीएम के पद पर निशा बांगरे पदस्थ हैं। वह बैतूल जिले के आमला में 25 जून से शुरू हो रहे अंतर्राष्ट्रीय सर्व धर्म शांति सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहती थीं, इसके लिए उन्होंने अवकाश मांगा और आवेदन भी किया ,मगर उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस आयोजन में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं मिली।



इस आयोजन के संयोजक उनके पति हैं। वह अपने मकान के गृहप्रवेश के साथ ही विश्व शांति दूत तथागत बुद्ध की अस्थियों के दर्शन करने जाना चाहती थीं। धार्मिक आयोजन में जाने के लिए अवकाश और अनुमति न मिलने से नाराज निशा बांगरे ने सामान्य प्रशासन विभाग की प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका कहना है कि उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए वे इस्तीफा दे रही हैं।

**लंबे समय से छुट्टी में थी निशा बांगरे**

ज्ञात हो कि पिछले काफी अरसे से निशा बांगरे अवकाश पर रहीं और उनके आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में आमला से चुनाव लड़ने की भी चर्चा है। एक बार तो वह स्वयं भी कह चुकी हैं कि जनता अगर ऐसा चाहती है, तो वे विचार करेंगी।

**कौन हैं निशा बांगरे**

निशा बांगरे मूल रूप से बालघाट जिले की रहने वाली हैं। निशा बांगरे ने अपना नया मकान बैतूल जिले के आमला के एयरोड्रम इलाके में बनवाया है। इसी मकान के गृहप्रवेश में शामिल होने के लिए उन्होंने अनुमति मांगी थी। निशा बांगरे को लेकर चर्चाएं हैं कि वह राजनीति में आ सकती है। बैतूल में डेप्युटी कलेक्टर रहते हुए वे आमला विधानसभा क्षेत्र में बहुत एक्टिव थीं। भोपाल ट्रांसफर होने के बाद भी उनका लगाव सबसे ज्यादा इसी क्षेत्र से रहा। हालांकि वो किस राजनीतिक पार्टी से जुड़ेंगी इसे लेकर स्थिति साफ नहीं है।

**संविधान को साक्षी मानकर की थी शादी**

निशा बांगरे की चर्चा डेप्युटी कलेक्टर बनने के बाद उनकी शादी को लेकर हुई। निशा ने संविधान को साक्षी मानकर अपनी शादी की थी। निशा के पति एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं। डेप्युटी कलेक्टर बनने के बाद निशा बांगरे की पहली पोस्टिंग बैतूल जिले में हुई थी।

**सोशल मीडिया में रहती हैं एक्टिव**

निशा बांगरे सोशल मीडिया में भी काफी एक्टिव रहती हैं। निशा ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। उसके बाद एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी की। बाद में उन्होंने सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू की। निशा बांगरे 2016 में डीएसपी बनी थीं। उसके बाद 2017 में वो डेप्युटी कलेक्टर बनीं।

## भोपाल में लगे पूर्व सीएम कमलनाथ के 'वांटेड' पोस्टर, लिखा- करप्शन नाथ; QR कोड में बताए घोटाले

**राजधानी भोपाल के बाजारों और आसपास के क्षेत्रों में पूर्व सीएम कमलनाथ के पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों पर वांटेड लिखा गया है और स्कैनर के जरिए उनके कार्यकाल में हुए घोटालों के बारे में बताया गया है। इसको लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच खींचतान शुरू हो गई है। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर दोनों पार्टियां काफी सक्रिय है।**




भोपाल। राजधानी की मनीषा मार्केट बस स्टॉप सहित आसपास के क्षेत्रों में पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ के खिलाफ पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में कमलनाथ को वांटेड बताया गया। इतना ही नहीं, इन पोस्टर पर एक स्कैनर दिया गया है, जिसे स्कैन करने पर कमलनाथ सरकार के 15 महीनों के कार्यकाल में हुए घोटालों की जानकारी दी गई है।

**पोस्टर लगाने वाले का पता नहीं**

बीच बाजार में लगाए गए पोस्टर को आने-जाने वाला हर व्यक्ति और वाहनचालक रूक-रूक कर देख रहे हैं। इन पोस्टरों के जरिए कमलनाथ सरकार के कार्यकाल में हुए घोटाले के बारे में बताने की कोशिश की गई है। हालांकि, अब तक इस बात का पता नहीं लग सका है कि आखिर यह पोस्टर लगाए किसने है।

**पोस्टर विवाद को लेकर वीडियो वायरल**

इस पोस्टर कांड के बीच ही नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह बोल रहे हैं कि भाजपा के किसी नेता ने यह हरकत की है। भाजपा इस समय पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से घबराई और डरी हुई है।

**भाजपा को हराकर सिखाएगी सबक**

वीडियो में गोविंद सिंह बोल रहे हैं कि 15 महीनों के शासन काल को प्रदेश की जनता ने पसंद किया। किसनों का कर्ज माफ हुआ, बिजली के बिलों से राहत मिली। अब जब चुनाव में भाजपा को कांग्रेस सरकार बनती नजर आ रही है, तो इस तरह के पोस्टर लगाकर कमलनाथ को वांछित नाथ बता रहे हैं। उन्हें करप्शन नाथ कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को को हरा कर सबक सिखााएगी। वहीं, दूसरी ओर मप्र युवा कांग्रेस के विवेक त्रिपाठी ने कहा कि दोपहर तीन बजे कांग्रेसी हबीबगंज थाने के पोस्टर कांड के खिलाफ पुलिस से शिकायत करने जाएंगे।

**भाजपा ने किया पलटवार**

पोस्टर विवाद पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि पोस्टर कांड से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। ये कांग्रेस की ही भीतरी लड़ाई है। कांग्रेस में जूतमपैजार, पुत्रों को आगे बढ़ाने की लड़ाई चल रही है। मिस्टर करप्टनाथ, कमलनाथ की सारी चरित्रावली भ्रष्टाचार की है।

## फीस के लिए टीचर ने पढ़ाने से मना किया तो स्टूडेंट ने गोली मार दी, मुरैना का मामला



भोपाल। मध्य प्रदेश के चंबल में जर, जोरू और जमीन के लिए अनलिमिटेड गोलियां चली है और अनगिनत लोगों की हत्याएं हुई हैं परंतु अब चंबल की सूरत भी बदल रही है। बीते रोज भी गोली चली परंतु जर, जोरू और जमीन के लिए नहीं बल्कि पढ़ाई के लिए। फेस नहीं होने के कारण टीचर ने स्टूडेंट को क्लास से निकाल दिया था। स्टूडेंट ने उसे गोली मार दी है।

टीचर का नाम गिरवर कुशवाहा बताया गया है। श्री कुशवाह जोरा रोड पर कोचिंग क्लास के संचालन करते हैं। 3 साल पहले फेस नहीं होने के कारण श्री कुशवाहा ने एक स्टूडेंट को क्लास से बाहर निकाल दिया था। गुरुवार की सुबह दो लड़के उनसे मिलने आए। उन्होंने बात करने के लिए श्री कुशवाह को बाहर बुलाया। दोनों लड़के बाइक पर बैठे हुए थे। पीछे बैठे हुए लड़के ने टीचर को गोली मारी और दोनों आराम से फरार हो गए। सीएसपी श्री अतुल सिंह ने बताया कि गोली चलाने वाले छात्रों के नाम पता चल गए हैं। हम जल्दी उन्हें गिरफ्तार कर लेंगे। शिक्षक गंभीर रूप से घायल है। उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर भेजा गया है।

# टेबल टेनिस में वैभव एवं आर्या बने विजेता, (मुनमुन राय के प्रयासों से मिली टेबल)

बरघाट यशोः - खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत बरघाट में वार्ड क्रमांक 4 में सामुदायिक भवन में टेबल टेनिस खेल का आयोजन किया गया था , प्रशिक्षक संदीप मिश्रा पीटीआई शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय धारना कला द्वारा यह प्रशिक्षण शिविर 5 मई से प्रारंभ किया गया था, जिसमें लगभग 25 बालक बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं खेलों की बारीकियों को समझा ,ज्ञात हो कि संदीप मिश्रा स्वयं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं और अपने मार्गदर्शन में बहुत ही राष्ट्रीय प्रतिभाओं को निखार चुके हैं ,इस प्रशिक्षण के अंतिम पड़ाव में टेबल टेनिस की प्रतियोगिता का आयोजन 18 जून को किया गया, जिसमें बालक वर्ग में संकेत ने यशराज सूर्यवंशी को पराजित करके तृतीय स्थान अर्जित किया ,वही वैभव श्रीवास ने फाइनल में पवित्र गुप्ता को पराजित कर विजय श्री अपना नाम की , बालिका वर्ग में नम्रता ने यामिनी को पराजित कर



तृतीय स्थान हासिल किया, फाइनल मुकाबले में आर्या उपाध्याय ने काजोल को पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया, बालक वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके खिलाड़ियों ने अपने आप को इस प्रतियोगिता से अलग रखकर नवोदय खिलाड़ियों को अवसर देने का साहसिक निर्णय लिया, ज्ञात हो कि जिला टेबल टेनिस फेडरेशन के जिला अध्यक्ष दिनेश राय मुनमुन से बरघाट के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस की एक अच्छी टेबल की जरूरत बताई तो उन्होंने तत्परता से पत्र लिखकर जिला क्रीड़ा अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग को टेबल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिस पर कीड़ा अधिकारी श्री चौरसिया ने तत्काल प्रयास कर सात दिनों के अंदर बरघाट में टेबल उपलब्ध करा दी जिससे खिलाड़ियों में बहुत हर्ष व्याप्त है और जिसके लिए खिलाड़ियों ने दोनों का आभार व्यक्त किया, सभी खिलाड़ियों को सिवनी के लाभार्थी सम्मान समारोह के कार्यक्रम में दिनेश राय मुनमुन एवं संतोष अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया, वही राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सोमिल मिश्रा एवं आदित्य शर्मा को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य और आने वाले टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दी गई

# झुरगी पौंडी में मिला नर कंकाल, अवशेषों को कब्जे में लेकर पुलिस कर रही जांच



मंडला यशोः- मंडला जिले के पुलिस थाना मोहगांव चौकी चाबी क्षेत्र के ग्राम पोंडी से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम झुरगी पौंडी के सेही नाला में एक नरकंकाल मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्राम पंचायत झुरगी पौंडी सरपंच कमलेश कोकडिया ने थाना प्रभारी मोहगांव को ग्राम झुरगी पौंडी के सेही नाला में एक नर कंकाल मिलने की जानकारी दी थी।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मोहगांव विजय सिंह ठाकुर, चाबी चौकी प्रभारी कुंवर बिसेन सहित घटना स्थल पहुंचकर स्थल का सूक्ष्मता से निरिक्षण किया। इस दौरान सेही नाला में झाड़ियों के बीच स्थित आम के पेड़ के नीचे एक गड्ढा दिखाई दिया। इस गड्ढे के आसपास कुछ मानव अवशेष दिखाई दे रहे थे, जो किसी बच्चे के प्रतीत हो रहे हैं। लोगों का अनुमान है कि किसी ने शव को इस गड्ढे मे दफना दिया, लेकिन जानवरों ने शव को गड्ढे से खींच कर निकाल लिया है। पुलिस ने गड्ढे को पूरी तरह साफ कर चैक किया।

थाना प्रभारी मोहगांव विजय सिंह ठाकुर ने बताया कि घटनास्थल पर ऐसा कोई अवशेष प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे मृतक के लिंग का पता लग सके। घटना स्थल पर बिखरे मानव अंग के अवशेषों को कब्जे में लेकर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है। जबलपुर से वैज्ञानिक अधिकारी से घटना स्थल की जांच करवाई है।

# ग्राम पंचायतों में होगा आयुष्मान ग्राम सभा का आयोजन, दिशा निर्देश जारी

**आदेश में कहा गया है कि 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शहडोल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी ग्राम पंचायतो में किया जायेगा इसके लिए टीवी की व्यवस्था आयुष्मान ग्राम सभा में की जाये।**

भोपाल। मध्य प्रदेश शासन प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में 27 जून को एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने जा रहा है, इस ग्राम सभा का नाम है आयुष्मान ग्राम सभा। राज्य शासन ने पिछले दिनों प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस आशय के दिशा निर्देश जारी किये हैं ।

**शासन ने 10 बिन्दुओं के निर्देश जारी किये**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मप्र द्वारा आयुष्मान ग्राम सभा के संबंध में 10 बिन्दुओं वाला आदेश जारी किया गया है जिसमें बताया गया है कि 27 जून को आयुष्मान ग्राम सभा के आयोजन में क्या क्या किया जायेगा। पत्र में कहा गया है कि आयुष्मान ग्राम सभा के आयोजन के एक दिन पहले यानि 26 जून को ग्राम रोजगार सहायक घर घर जाकर लोगों को आमंत्रित करेंगे।

**पीएम मोदी के कार्यक्रम का ग्राम सभा में होगा सीधा प्रसारण**

सभा स्थल के आसपास आयुष्मान भारत योजना से संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री , होर्डिंग बैनर आदि लगाये जायेंगे, आदेश में कहा गया है कि 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शहडोल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी ग्राम पंचायतो में किया जायेगा इसके लिए टीवी की व्यवस्था आयुष्मान ग्राम सभा में की जाये।

**हितग्राहियों को दिए जायेंगे पीवीसी कार्ड**

इस विशेष ग्राम सभा में आयुष्मान भारत योजना के सभी हितग्राहियों के नाम पढ़ें जायेंगे, ग्राम सभा में मौजूद जन प्रतिनिधि आयुष्मान भारत योजना के लाभ की जानकारी देंगे और हितग्राहियों को पीवीसी कार्ड वितरित करेंगे, जिन हितग्राहियों ने आयुष्मान भारत योजना का लाभ लिया है वे अपने अनुभव ग्राम सभा में साझा करेंगे। इसके अलावा भी योजना से जुडी और कई बातें आयुष्मान ग्राम सभा में जनता के सामने रखी जाएगी।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया योग महोत्सव



सिवनी यशोः- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया उत्साह के साथ योग महोत्सव*- जिसमें सैकड़ों भाई बहने ने अपनी उपस्थिति दर्ज की ,और सुबह 6ः00 से 7ः00 बजे तक प्रतिदिन की तरह योगासन ,प्राणायाम, म्यूजिकल एक्सरसाइज बी के गीता दीदी ,बी के नीतू दीदी के द्वारा कराया गया। साथ ही साथ क्योंकि ब्रह्माकुमारी संस्थान एक आध्यात्मिक संस्थान है ,जहां भारत के प्राचीन योग को ब्रम्हाकुमारी ज्योति दीदी ने विस्तार से समझाया और सार यही निकला की योग माना विपरीत परिस्थिति में भी हमारा मन स्थितप्रज्ञ बना रहे। सुख -दुख ,लाभ -हानि, निंदा -स्तुति, मान-अपमान, जय -पराजय सबमे सामान्य स्थिति जिसकी बनी रहती है, वही वास्तव में योगी है ,और ऐसा योगी बनने के लिए प्रतिदिन सत्संग यानी आध्यात्मिक ज्ञान सुनना आवश्यक है । साथ-साथ उस ज्ञान का मनन चिंतन कर उसका स्वरूप बनने के लिए ध्यान ,मेडिटेशन प्रतिदिन करने की आवश्यकता है । इसी बात को ध्यान पर रखते हुए सुबह 6ः00 से 11ः00 तक ध्यान साधना का कार्यक्रम चलता रहा । कार्यक्रम के बीच में स्वल्पाहार भी करा कराया गया। सैकड़ों भाई बहनों ने मगन होकर ध्यान मेडिटेशन का लाभ लिया और प्रतिदिन योगासन ,प्राणायाम एवं ध्यान ,मेडिटेशन करने के लिए सभी प्रतिज्ञाबद्ध हुए।

# बिछिया एवं निवास क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी मतदान केन्द्रों का गंभीरता से निरीक्षण करें

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश**

मंडला यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर बिछिया एवं निवास क्षेत्र के लिए नियुक्त सभी सेक्टर अधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का गंभीरता से निरीक्षण करेंगे तथा निर्धारित प्रारूप में जरूरी जानकारी की रिपोर्ट देंगे। कलेक्टर ने कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों में भवन की स्थिति, दिव्यांगजनों के लिए रैम्प, पानी, बिजली, शौचालय, नेटवर्क, मतदान केन्द्रों तक पहुंच के लिए सड़क आदि जानकारी देंगे। उन्होंने



कहा कि मोबाईल नेटवर्क की जांच एवं परीक्षण सभी अनिवार्यतः करेंगे तथा आसपास के क्षेत्रों के लोगों से भी बेहतर नेटवर्क की जानकारी प्राप्त करेंगे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम सहित बिछिया एवं निवास क्षेत्र के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 2 दिनों में मतदान केन्द्रों का भ्रमण करते हुए निर्धारित प्रारूप में जानकारी देंगे। सोमवार को प्राप्त जानकारियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने मतदान केन्द्रों में 2 दरवाजे, शौचालय की स्थिति, मतदान केन्द्रों तक पहुंच के लिए संकेतकों की स्थिति आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए जरूरी निर्देश दिए।

# अनीता तिवारी ने बताए योग के फायदे

मंडला यशोः- शहरी स्वास्थ्य केंद्र चूना भट्ठा देवदरा में विश्व योग दिवस के अवसर पर बच्चे महिलाएं शामिल हुई। मुख्यरूप से समाजसेवी अनीता तिवारी ने ध्यान योग और मेडिटेशन की जानकारी दी और इसको करने से होने वाले फायदे क्या। बताया योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है मेडिटेशन से हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है और नकारात्मक ऊर्जा बाहर जाती है। प्रत्येक व्यक्ति को योग ध्यान मेडिटेशन करना बहुत जरूरी है इस अवसर पर सपना साहू इंद्रा रावत मोंगरे संध्या यादव सुनीता खरे आरती तिवारी मीनाक्षी यादव आदि उपस्थित रहे।

# टेक्नोलॉजी का अंधाधुंध दूरोपयोग और आधुनिकता का दानव धीरे धीरे निगल रहा है हमारे बच्चों को - मातृ शक्ति संगठन

सिवनी यशोः-आधुनिकता के साये में तहस नहस होते परिवार , बर्बाद होती जिंदगियां, इस युग की भीषण त्रासदी है। हम अभी सजग नहीं हुए , तो खौफनाक मंजर देखने के लिए परिवार तैयार रहें। इस समस्या को लेकर मातृशक्ति संगठन ने आरंभ किया जागरूकता अभियान।



सबको मिलकर स्वच्छ समाज का निर्माण करना है। बच्चे की प्रथम पाठशाला उसका अपना घर होता है । आधुनिकता के अंधकार में आज की युवा पीढ़ी इस कदर डूब गई है कि बढ़ते अपराध थमने का नाम नहीं ले रहे। जरूरी है कि अभिभावक अपने बच्चों से दोस्ताना व्यवहार रखें और बच्चों के राजदार बन कर अनहोनी घटनाओं से बचने की बातें साझा करें। ताकि बच्चा भी अपने मन की बात बेझिझक माता पिता के सामने रख सकें । और समय रहते किसी भी अनहोनी को रोका जा सके।

मातृ शक्ति संगठन द्वारा अपनी यूथ विंग समर्पण के युवा सदस्यों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।

**नुक्कड़ नाटक की विषय वस्तु है** - 17 वर्षीय नाबालिग युवती का , युवक के बहकावे में आकर , घर से भाग जाना। प्यार का भूत उतरते ही लड़की को प्रताड़नाओं के दौर से गुजरना पड़ता है । एक गलती की वजह से कैसे 2 परिवार बर्बाद होते हैं , इस बात का सजीव चित्रण नाटिका में दर्शाया गया है। अलग अलग स्थान , शिक्षण संस्थान, छात्रा वासों में इसकी प्रस्तुति दी जा रही है। घर घर की सच्चाई दिखाने वाले पात्रों के जीवंत अभिनय देख , बेटियों की आंखें में नम हो गई। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति नगर के विभिन्न चौक चौराहों एवं स्कूलों में निरंतर जारी रहेगी..मुख्य किरदार निभाने वाले यूथ विंग के मेंबर ऋतु डहेरिया, अन्नपूर्णा डहेरिया, राज साहू, ममता पारधी, मयूर परमार, संजय सोनी, प्रशांत डहेरिया, अमन, उमेश, आनंद ,वैष्णवी यादव हैं।

# स्पॉन्सरशिप योजनार्न्गत असहाय बच्चों को आर्थिक सहायता

सिवनी यशोः- महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल प्रयोजन– भारत सरकार की योजना मिशन वात्सज्ल्य अंतर्गत बाल प्रयोजन का लाभ 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को विस्तारित परिवार/जैविक संबंधियों के साथ रहने हेतु पुनवार्स, शिक्षा पोष?ण और स्वास्थ्य की जरूरतें पूरी करने के लिये वित्तीय सहयोग दिया जाता है। स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत पात्र बच्चे को 4000 रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता बच्चे के खाते में जमा की जायेगी खाते का संचालन बच्चे के अभिभावक अधिमानत, माता द्वारा किया जायेगा।

**स्पॉन्सरशिप हेतु पात्रता** – बच्चे की आयु 18 वर्ष से कम हो, जहां माता विधवा या तलाकशुदा या परिवार द्वारा परित्यक्त हो। या जहां बच्चे अनाथ हो और विस्तारित परिवार के साथ रह रहे हो। या जहां माता पिता जीवन के लिये खतरनाक/ अत्यंत गंभीर बीमारी के शिकार हो। या जहां माता पिता अक्षम या बच्चों की देखभाल करने में आर्थिक और शारीरिक रूप से असमर्थ हो। जे.जे. अधिनियम 2015 के अनुसार देखभाल और संरक्षण के जरूरत मंद बच्चे जैसे बेघर, किसी प्राकृतिक आपदा के शिकार, बाल श्रम, बाल विवाह के शिकार, दुर्व्यापवार किए गये बच्चे एच.आई.वी एडस प्रभावित बच्चें, सहायता और पुनवार्स के जरूरतमंद या प्रताडित या शोषण किये गये बच्चे या पी.एम केयर फॉर चिल्डन स्कीम के तहत शामिल बच्चे। आर्थिक मानदंड- परिवार की अधिकतम आय निम्नानुसार हो- ग्रामीण क्षेत्रों के लिये 72000 रूपये प्रति वर्ष अन्य क्षेत्रों के लिये 96000 रूपये प्रतिवर्ष देय होगा।

# महंत श्री रामपुरी जी महाराज शनिधाम टेकरी मे निवास करते हुए लोगो को देते रहेगे धर्मोपदेश



सिवनी यशोः- जिला मुख्यालय से नागपुर रोड पर स्थित सिद्व श्री शनिधाम मंदिर के सर्वाहार/अध्यक्ष बाल ब्रम्हचारी श्री नंदकिशोर भोलेबाबा जिन्हे अब महंत श्री रामपुरी महाराज का नाम दे दिया गया है का गत दिनो शनिधाम टेकरी मे आगमन होने पर शनिधाम ट्रस्ट के सदस्यो द्वारा उनकी भव्य आगवानी की गयी अब महंत श्री रामपुरी जी महाराज इसी बंजारी टेकरी मे निवासरत रहेगे एवं धर्मोपदेश भी देगे। उल्लेखनीय होगा कि वर्षो पूर्व इस शनिधाम टेकरी मे शनिमहाराज की स्थापना एवं इस स्थान को भव्य एवं धर्मानुसार आकर्षक एंव भव्य बनाने मे बाल ब्रम्हचारी श्री नंदकिशोर भोले बाबा का बडा योगदान रहा है जो इस शनिधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष/सर्वाहार भी है ट्रस्ट का पंजीयन क्र 114 श्री सिद्व शनिधाम ट्रस्ट बंजारी टेकरी ग्राम पलारी ग्राम पंचायत सीलादेही जिला सिवनी है। उल्ल्ेखनीय होगा कि श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर 16/4/2022 दिन शनिवार को अभिजीत मुहुर्त मे श्री अनंत विभूषित श्री महंत शंकर पुरी जी महाराज श्री पंचदसनाम जूना अखाडा बडा हनुमान घाट वाराणसी द्वारा बालब्रम्हचारी श्री नंदकिशोर भोलेबाबा का नाम करण एवं पटटाभिषेक किया गया था एवं महंत की उपाधि प्रदान की गयी है। महंत रामपुरी जी महाराज घोषित किया गया यह सभी टस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्यगणो को उपाधि प्राप्त होने से श्री सिद्व शनिधाम ट्रस्ट एव सिवनी जिले को गौरान्वित करते हुए अपूर्व उपलब्धि है अतः श्री शंकर जी पुरी महाराज द्वारा 23 मई को पुनः आगमन के बाद यह कहाग या कि यह स्थान वृहद रूप मे एक अद्वितीय सिद्वपीठ के रूप मे पूरे अद्वितीय सिद्वपीठ के रूप में पूरे विश्व मे ख्याति प्राप्त करेगा।

# मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

भोपाल। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय के सामने स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसदविष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी सहित पार्टी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया। जिसके पश्चात् प्रदेश कार्यालय प्रांगण में स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**डॉ. मुखर्जी के आदर्शो पर चल रही सरकारः शिवराज सिंह चौहान**

इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी। डॉ. ध्यामा प्रसाद मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित



पुजारी थे। उन्होंने ही भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी, आज हम सबको यह कहते हुए प्रसन्नता है कि डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर से धारा-370 हटाने को लेकर जो बलिदान दिया था, भारतीय जनता पार्टी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सरकार के नेतृत्व मे उस संकल्प को पूरा किया है। कश्मीर से धारा-370 हटी है। अब मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनसघ की स्थापना जिन आदर्शों के लिए हुई थी, उन एक-एक आदर्शों व सपनों को पूरा किया जा रहा है। डॉ. मुखर्जी हमारे आदर्श हैं और उनके बताए हुए मार्ग व आदर्शों पर ही भाजपा की केन्द्र और प्रदेश की सरकार चल रही है और उनके सपनों को पूरा करने का काम कर रही है।

**डॉ. मुखर्जी का एक–एक सपना हो रहा साकारः विष्णुदत्त शर्मा**

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज हम यहां डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर एकत्रित हुए हैं और उन्हें श्रद्धा के सुमन अर्पित किए हैं। यह वर्ष हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर से धारा-370 हटाने को लेकर जो संकल्प लिया था और उद्योग मंत्री पद से इस्तीफा देकर जेल गए थे एवं वहीं पर उनका बलिदान हुआ था, आज वह संकल्प पूरा हुआ है। आज हम सबके लिए गौरव है कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान जिस संकल्प को लेकर हुआ था वह संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में पूरा हुआ है और कश्मीर से धारा-370 खत्म हो गई है। आज उनका पूरा संकल्प साकार हो रहा है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता व जनमानस उन्हें याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में यह संकल्प है कि जो हम नारा लगाते थे कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है, वो सारा का सारा है। यह संकल्प भी जल्द पूरा होगा।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, कांतदेव सिंह, श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, सांसद अजय प्रताप सिंह, विधायक रामेश्वर शर्मा, श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक विजय दुबे, कौशल एवं रोजगार विकास निगम के अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी, श्री तपन भौमिक, प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा, पूर्व सांसद आलोक संजर, सुरेन्द्र शर्मा, अभय प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, बीडीए उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सुनील पाण्डे, किशन सूर्यवंशी, राहुल राजपूत,रविन्द्र यति, सतीश विश्वकर्मा, राजेन्द्र गुप्ता, शाहबर आलम सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आज मंडला आएंगे पूर्व सीएम कमलनाथ, फ्लेक्सों से सजा शहर

मंडला यशोः- मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आज 24 जून को मंडला आ रहे हैं। वे यहां विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देने मंडलम एवं सेक्टर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कमलनाथ के आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को सभा स्थल पर प्रेसवार्ता कर तैयारियां एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र अमूले ने प्रेसवार्ता में बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कमलनाथ प्रातः 9रू55 पर महाराजपुर हेलीपेड पहुचेंगे। 10.15 बजे रानी दुर्गावती स्मारक में प्रतिमा का पूजन व माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। 10.30 बजे स्थानीय सर्किट हाउस में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। 11 बजे स्टेडियम के पास जनसभा स्थल पहुंचकर मंडलम एवं सेक्टर की बैठक लेंगे व कांग्रेस जनों से चर्चा करेंगे। 11.30 बजे जनसभा को संबोधित करने के बाद 12.30 बजे स्व. संजय परिहार के आवास पहुंचकर संवेदना व्यक्त करेंगे।

**कांग्रेस की व्यापक तैयारी**

कमलनाथ के इस कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कांग्रेस कमेटी ने जिले के समस्त कार्यकर्ताओं व



आमजन से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है। इस दौरान बिछिया विधायक नारायण पट्टा, निवास विधायक डॉ अशोक मर्सकोले, जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## इस्कॉन संस्था द्वारा पूरे विश्व में रथयात्रा

भोपाल। आज विश्व के हर देश, हर बड़े शहरों में श्री जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव मनाया जाता है। इसका विशेष श्रेय अंतराष्ट्रीय कृष्ण



भावनामृत संघ (इस्कॉन) के संस्थापक आचार्य अभय चरणारविन्द भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद जी को जाता है। जिन्होंने पहली बार भारत के बाहर, अमेरिका के सानफ्रांसिस्को सहर में सन् 1967 में रथयात्रा उत्सव का आयोजन किया था। आज इस्कॉन संस्था का परिचय एक विशाल अंतराष्ट्रीय भक्ति संगठन के रूप में है, जिसमे सैकड़ों मंदिर, आश्रम, कृषि समुदाय तथा वैदिक गुरुकुल सम्मिलित हैं। आज पूरे विश्व में, इस्कॉन के 1000 से भी ज्यादा श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर हैं। इस्कॉन श्रीमद भगवद गीता तथा श्रीमद भागवतम की शिक्षाओं पर आधारित हैं। समस्त विश्व में, प्रेमावतार श्री चैतन्य महाप्रभु के द्वारा प्रदर्शित मार्ग द्वारा शुद्ध कृष्णभक्ति का प्रचार करना इस्कॉन का लक्ष्य है।

# रक्तदान शिविर 24 जून को

सिवनी यशोः- संत निरंकारी चैरिटेबल संस्था का रक्तदान शिविर 24 जून को होने जा रहा है। जिसके प्रचार प्रसार के लिए युवा कोचिंग सेंटर, पार्क, तालाबों के तट पर जा कर जन जन को जागरूक कर करे है। इस जागरूकता अभियान में रक्तदान से जुड़े भ्रम समाप्त किए जा रहे है। रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती। गौर तलब है की इसी जागरूकता के कारण संत निरंकारी चैरिटेबल संस्था देश भर में अब तक करीब 12 लाख यूनिट रक्तदान करवा चुकी है। ये कैंप 24 जून को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन, सिंधी कॉलोनी , बड़े गुरुद्वारा के पास, सिवनी में आयोजित होने जा रहा है।अतः आपसे यह अनुरोध है बढ़ चढ़ के रक्तदान शिविर में सहयोग देवे 7

# ज्ञानचंद के आग्रह पर नगरीय प्रशासन ने नगर को दिया एक करोड़ पाँच लाख का तोहफा



सिवनी यशोः- सिवनी नगर विकास को गति देने के लिये सिवनी नगर पालिका में भाजपा पार्षद दल के नेता ज्ञानचंद सनोडिया ने गत अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा तथा नगरीय प्रशासन के आयुक्त भारत यादव से भोपाल में भेंट कर नगर विकास की अनेक योजनाओं एवं नगर की अनेक समस्याओं के संबंध में चर्चा की थी और नगर के जलस्रोतो के सौंदर्यीकरण के लिये विशेष आग्रह करते हुये पर्याप्त राशि स्वीकृत करने की मांग की थी ।

पार्षद दल के नेता ज्ञानचंद सनोडिया की मांग के अनुरूप नगरीय प्रशासन विभाग ने गत 20 जून को नगर के जलस्रोतो के सौंदर्यीकरण के लिये एक करोड़ पांच लाख रूपये की राशि स्वीकृत कर सिवनी नगर पालिका परिषद को सूचना प्रेषित की है कि उक्त राशि से नगर के जल स्रोतों के सौंदर्यीकरण के लिये निविदाएँ आमंत्रित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाये ।

नगरीय प्रशासन ने उक्त पत्र में उल्लेख किया है कि उक्त राशि से जल स्रोतो की स्टोन पिचिंग घाट का सौंदर्यीकरण सहित अन्य काम सुनिश्चित किये जाये । भाजपा पार्षद दल के नेता ज्ञानचंद सनोडिया ने उक्त राशि स्वीकृत करने पर नगरीय प्रशासन आयुक्त भरत यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया है

# आंखे खराब हुई तो नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर जान दे दी

**उसकी दोनों आंखों में मोतियाबिंद हो गया था,दिखाई देना कम हो गया था, फायदा नहीं होने पर तंग आकर यह कदम उठाया।**



भोपाल, । राजधानी के कोलार इलाके में एक 15 वर्षीय लड़की ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली,वह अपनी आंखों से परेशान थी, उसकी दोनों आंखों में मोतियाबिंद हो गया था,इसके कारण उसे दिखाई देना कम हो गया था, इलाज कराने के बाद भी कोई विशेष फायदा नहीं हो पा रहा था, तंग आकर उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

कोलार थाने के एएसआइ प्रीतम सिंह ने बताया कि ग्राम गोल में रहने वाली 15 वर्षीरू आराधना लोधी आठवीं कक्षा में पढ़ती थी, उसके पिता किसान है। गुरुवार को उसकी मां और पिता दोनों खेत पर गए थे, इस दौरान वह घर पर अकेली थी। इस दौरान उसने फांसी लगा ली। दोपहर में उसकी मां और पिता घर पहुंचे तो बेटी को फंदे पर लटका देखकर वह दंग रह गए। मां बुरी तरह से रोने लगी , पिता ने पड़ोसियों को बुलाया और पुलिस को सूचना देने को कहा। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसका शव उतारा और उसका पंचनामा बनाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भिजवाया। जहां पर उसका पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

इलाज चल रहा था आंखों का ,लेकिन फायदा नहीं मिल रहा था– एएसआइ और मामले के जांच अधिकारी प्रीतम सिंह ने बताया कि आराधना की दोनों आंखों में मोतियाबिंद था, उसका इलाज स्वजन करा रहे थे,लेकिन उसे इलाज से आंखों को कोई विशेष फायदा नहीं हो रहा था।वह मन ही मन परेशान हो रही थी। वह परिवार के लोगों से भी कहा करती थी कि उसकी आंखे अच्छी नहीं हुई तो उसके साथ कोई शादी भी नहीं करेगा। इसके कारण वह सोचती बहुत थी। स्वजनों की भी आर्थिका स्थति इतनी अच्छी नहीं थी कि वह उसकी आंखों का चैन्नई के शंकर नेत्रालय में इलाज करा सकते हैं। पुलिस अभी इसी कारण मानकर आगे की जांच कर रही है।

## बाइक सवार दंपती को कार ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

भोपाल। बैरसिया इलाके में गुरुवार दोपहर करीब चार बजे एक बाइक सवार दंपती को कार ने टक्कर मार दी, इससे बाइक पर सवार दपंती की मौत हो गई।जबकि उनकी बेटी की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद कार चालक हादसे के बाद मौके से कार समेत फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी की मदद से उसकी तलाश में जुटी है।

# मंडला जिले में प्री मानसून बारिश्दोपहर में खुशनुमा हुआ मौसम; दो दिन में हो सकती है मानसून की एंट्री

मंडला यशोः-मंडला जिले में शुक्रवार सुबह से ही बारिश शुरू हो गई। इस प्री मानसून की बारिश ने जिले को तरबतर कर दिया। बारिश की वजह से तापमान में गिरावट होने से तपती गर्मी से राहत मिल गई है। सुबह से ही जिला मुख्यालय समेत आसपास के कई ग्रामीणों इलाकों में लगातार बारिश हुई, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। मानसून के पहले ही प्री मानसून एक्टिविटी देखने को मिल रही है। गुरुवार को दिन भर बादल छाए रहने की वजह से तापमान में कमी तो जरूर रही, लेकिन उमस की वजह से लोगों को गर्मी से कोई राहत नहीं मिली। शुक्रवार सुबह से ही रिमझिम और तेज बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। बारिश की वजह से आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई।



**सड़कों पर कम रही आवाजाही**

सुबह से हो रही बारिश से लोग अपने घरों पर दुबके हुए नजर आए। जिससे सड़कों पर भीड़ भाड़ कम रही। सड़कों पर लोग पानी से बचने के लिए छिपते हुए भी देखे गए। वहीं प्री मानसून बारिश से सीवर लाइन के कारण गड्ढों और कीचड़ से परेशानी भी बढ़ गई।

मौसम वैज्ञानिक देवेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग क्षेत्र तक मानसून पहुंच गया है। अगले 48 घंटों में इसके मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर सहित पूर्वी मध्यप्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पूर्वी मध्यप्रदेश से मानसून की एंट्री होंगी और 25 से तेज बारिश के आसार हैं। अभी जो बारिश हो रही है, ये प्री मानसून बारिश है।

# कंपनी में ट्रैक्टर लगवाने के नाम पर किसानों से ठगी, मास्टर माइंड समेत एक गिरफ्तार, 17 वाहन जब्त

भोपाल। मध्यप्रदेश के आगर मालवा जिले के अंतर्गत आने वाले नलखेड़ा थाना व आसपास के क्षेत्र के किसानों के साथ ट्रैक्टर की धोखाधड़ी होने का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें किसानों के नाम पर नए ट्रैक्टर फाइनेंस करवाकर एच एंड टी कंपनी में लगवाकर किस्तें चुकाने के नाम पर ठगी की गई। ऐसा एक दो नहीं बल्कि लगभग 40 किसानों के साथ हुआ है। पीड़ित किसानों ने पुलिस में आवेदन देकर उनके साथ हुई ठगी की शिकायत की गई है। पुलिस ने 17 ट्रैक्टर पंजाब, हरियाणा, यूपी व दिल्ली से जब्त किए है, जिनकी अनुमानित कीमत डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है, वहीं, मास्टरमाइंड सहित एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। चार अन्य आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

आगर मालवा एसपी संतोष कोरी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को शिकायत मिली थी कि क्षेत्र से कई किसानों के साथ बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों की ठगी की वारदात हो रही है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो जांच में सामने आया कि मामले का मास्टरमाइंड राजगढ़ जिले के जीरापुर थाना क्षेत्र का निवासी सुजान सिंह गुर्जर अपने साथियों के साथ मिलकर आगर जिले के किसानों के ट्रैक्टरों को एलएनटी कम्पनी में किराए पर लगाने के नाम पर ठगी कर रहा है। ठग सुजान सिंह बड़ी चतुराई से किसानों के साथ एलएनटी कम्पनी के नाम का एग्रीमेंट करता, जिसमें हर माह एक मोटी रकम प्रतिमाह किसानों को किराए के रूप में देना तय होता था। चूंकि क्षेत्र में एलएनटी कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाने के बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है, तो किसान कंपनी के नाम पर जल्दी से झांसे में आ गए। ठग द्वारा किसानों को शुरुआती दो से तीन माह तक तो मासिक किराए की तय रकम करीब 25 से 30 हजार रुपये दी जाती थी, जिससे अन्य किसान भी लालच में आकर इसके झांसे में फंसते चले गए। शुरुआती रकम देने के बाद इसके द्वारा कंपनी से पैसे आने की आड़ लेकर एक साथ पैसे देने का कहकर किसानों को टाल दिया जाता था, जिससे किसानों को इस पर शक नहीं हुआ। लेकिन लंबे समय तक जब रकम नहीं मिली तो किसानों ने इसकी शिकायत पुलिस में कर दी।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि ठग सुजान सिंह किसानों से सम्पर्क कर उन्हें ट्रैक्टर के शोरूम पर ले जाकर उन्हें नए ट्रैक्टर दिलवा देता। फिर अपने साथियों के साथ शोरूम से ही ट्रैक्टरों को कंपनी में लगाने के नाम पर भेज देता। बाद में इसके साथी अन्य आरोपियों के साथ मिलकर यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य जगहों पर आधी कीमत पर ही ट्रैक्टर बेच देते थे। पुलिस द्वारा अब तक इन स्थानों से 17 ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं, जबकि करीब 40 ट्रैक्टरों की ठगी होने की बात सामने आई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई थी बेटे की मौत, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

मंडला यशोः- एक मां अपने मृतक पुत्र को न्याय दिलाने और अज्ञात वाहन पर कार्रवाई करने को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। पीडित मां ने पुलिस अधीक्षक के सामने अपनी पीड़ा व्यक्त की। उसका कहना है कि एक माह पहले निवास रोड के खारी के जंगल में मेरे पुत्र को किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे मेरे पुत्र की मौके में ही मौत हो गई। जिसकी सूचना मोहगांव थाने में की गई थी और संबंधित वाहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज भी कराई गई लेकिन आज दिनांक तक संबंधित वाहन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीडित मां ने




पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में पीड़ित बताया कि मेरा पुत्र हर्षित यादव जिसकी उम्र 20 वर्ष थी तथा दीपक यादव जिसकी उम्र 19 वर्ष है दोनों शाम 5 बजे दिनांक 8 मई को घर से अपनी मोटर सायकल से अपने दोस्त की शादी में ग्राम खारी गए हुये थे। 8 मई को रात में ग्राम खारी से मोटर सायकल से जाते समय रात करीबन 11.30 बजे 12 बजे के बीच ग्राम खारी का जंगल निवास रोड में किसी अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे घायल हर्षित यादव ने कुछ ही घंटे में दम तोड़ दिया। चार पहिया वाहन का हुलिया एवं चालक का हुलिया स्पष्ट रूप से बताया था लेकिन थाना मोहगांव की पुलिस आज तक उसमें कोई जांच पड़ताल नहीं की और अब मामला खत्मा में डालने के लिए दबाव डाल रहे हैं। पीड़ित मां ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए संबंधित वाहन के उपर कार्यवाही की मांग की है।

# जांच नाका कार्य के चलते पटवारियों के नामांतरण, बंटवारा जैसे काम हो रहे प्रभावित

मंडला यशोः- पटवारी संघ ने गुरुवार को मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। पटवारियों ने अस्थाई जांच नाका से कार्य मुक्त होने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुये बताया कि आदेश के पालन में जिला मंडला के अनुभाग निवास, बिछिया, घुघरी, मंडला एवं नैनपुर के समस्त पटवारी अपने-अपने अनुभाग में विभिन्न स्थानों पर स्थापित अस्थाई जांच नाको में खनिज वाहनों के ईटीपी की सघन जांच दल में सक्रियता से लगातार कर्तव्य में सलग्न है। उक्त कार्य भू-अभिलेख कार्य से हटकर है। इन जांच नाकों में ड्यूटी करने के कारण पटवारियों के द्वारा किए जाने वाले नामांतरण, बंटवारा प्रकरण में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना, भू-स्वामित्व कार्य, आबादी सर्वे कार्य, पीएमसीएम किसान सत्यापन, सीएम हेल्पलाईन प्रकरण में जांच आदि सभी प्रकार के अन्य शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे है। इसमें अनेक कार्य समय सीमा अन्तर्गत है। जांच नाकों में ड्यूटी करने के साथ-साथ अन्य शासकीय कार्यों को भी पूरा करने की अपेक्षा प्रशासन कर रहा हैं। जिस हेतु पटवारियों को अनावश्यक दबाव भी दिया जाता है। जांच नाकों की लगातार आठ घटे ड्यूटी के बाद ऐसा मुश्किल है साथ ही शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से पटवारी वर्ग पीड़ित हो रहा है। पटवारी अस्थाई जांच नाकों के कर्तव्य पालन में कोई भी दुविधा में नहीं है। परन्तु जब तक पटवारी इस कार्य में संलग्न हैं। तब तक अन्य शासकीय दायित्वों से मुक्त रखने का कष्ट करें।

साथ ही संगठन मंत्री अन्य कार्यों के लिए कोई भी प्रकार का दबाव या प्रताड़ना न दिया जाए अन्यथा अन्य शासकीय कार्यों की प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुए हम सभी अस्थाई जांच नाकों की ड्यूटी का बहिष्कार करने विवश होगें। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व प्रशासन का होगा। अत एव आपसे विनम्र अनुरोध कि अस्थाई जांच नाकों की ड्यूटी के चलते हम पटवारियों को अन्य शासकीय कार्यो से मुक्त रखा जाए। मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि आदेश के पालन में जिला मंडला के अनुभाग निवास, बिछिया, घुघरी, मंडला एवं नैनपुर के समस्त पटवारी अपने-अपने अनुभाग में विभिन्न स्थानों पर स्थापित अस्थाई जांच नाको में खनिज वाहनों के ईटीपी की सघन जांच दल में सक्रियता से लगातार कर्तव्य में सलग्न है।

उक्त कार्य भू-अभिलेख कार्य से हटकर है। इन जांच नाकों में ड्यूटी करने के कारण पटवारियों के द्वारा किये जाने वाले नामांतरण बटवारा प्रकरण में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना, भू-स्वामित्व कार्य, आबादी सर्वे कार्य, पीएमसीएम किसान सत्यापन, सीएम हेल्पलाईन प्रकरण में जांच आदि सभी प्रकार के अन्य शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे है।

इसमें अनेक कार्य समय सीमा अंतर्गत है। जांच नाकों में ड्यूटी करने के साथ-साथ अन्य शासकीय कार्यों को भी पूरा करने की अपेक्षा प्रशासन कर रहा हैं जिस हेतु पटवारियों को अनावश्यक दबाव भी दिया जाता है। जांच नाकों की लगातार आठ घंटें ड्यूटी के बाद ऐसा मुश्किल है साथ ही शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से पटवारी वर्ग पीड़ित हो रहा है। पटवारीगण अस्थाई जांच नाकों के कर्तव्य पालन में कोई भी दुविधा में नहीं है। लेकिन जब तक पटवारी इस कार्य में संलग्न हैं। तब तक अन्य शासकीय दायित्वों से मुक्त रखने का कष्ट करें। साथ ही संगठन मंत्री अन्य कार्यों के लिए कोई भी प्रकार का दबाव या प्रताड़ना न दिया जाए अन्यथा अन्य शासकीय कार्यों की प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुए सभी पटवारी अस्थाई जांच नाकों की ड्यूटी का बहिष्कार करने विवश होगें।

# एमपी पुलिस ने दमोह के इस स्कूल में करवा दी अनिश्चित काल के लिए छुट्टी, बच्चों को लौटना पड़ा घर

**दमोह के स्कूल के मेन गेट पर बाउंड्री वॉल खड़ी कर दी तो बच्चे परेशान हुए।**

दमोह। दमोह के सेंट जॉन्स स्कूल के मुख्य द्वार पर पुलिस ने गुरुवार रात को बाउंड्री वॉल खड़ी कर दी। शुक्रवार सुबह जब बच्चे स्कूल पहुंचे, तो स्कूल के मुख्य द्वार का दरवाजा बंद मिला। स्कूल का एक और द्वार है, लेकिन वहां निर्माण कार्य चल रहा है। इस वजह से उस रास्ते से स्कूल में प्रवेश नहीं हो सकता। शुक्रवार सुबह बच्चे स्कूल पहुंचे तो वहां हंगामा हो गया। काफी देर तक बच्चे और उनके माता-पिता परेशान होते रहे। स्कूल के कर्मचारियों ने स्कूल के अंदर जाने के लिए इंतजाम करने की कोशिश की, लेकिन सारे प्रयास विफल रहे। तब स्कूल प्रबंधन ने अनिश्चित काल के लिए स्कूल में छुट्टी कर दी है। स्कूल की प्राचार्य का कहना है कि पुलिस ने बिना नोटिस दिए यह कार्रवाई की है।

**17 साल से यही था रास्ता, जिसे पुलिस ने रोका**

दरअसल, यह स्कूल पुलिस कंट्रोल रूम के पास बना है। 2006 में यहां नई बिल्डिंग बनी थी तो खाली जगह पर ही मुख्य द्वार बन गया था। तभी से स्कूल खाली पड़ी जमीन को मुख्य द्वार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा




था। पुलिस आरआई हेमंत बरैया ने कहा कि जिस जमीन पर बाउंड्री वॉल बनी है, वह पुलिस विभाग की है। वहां पर पुलिस के आठ राजपत्रितअधिकारियों के क्वार्टर बन रहे हैं। इस वजह से ठेकेदार ने रात को बाउंड्री वॉल बनाई और पुलिस की जमीन को संरक्षित किया।

**प्राचार्य बोलीं- हमें नोटिस तक नहीं दिया**

सेंट जॉन्स स्कूल की प्राचार्य सिस्टर सोफी ने कहा कि हम पिछले कई वर्षों से स्कूल का संचालन कर रहे हैं। नक्शे में यह मार्ग एप्रोच रोड के रूप में स्वीकृत है। पुलिस ने यहां काम शुरू किया और रास्ता ही बंद कर दिया। स्कूल में दो हजार 300 बच्चे पढ़ते हैं। दस साल पहले शासन ने ही इस रास्ते को बनवाया था। अब इस रास्ते को पुलिस ने बंद कर दिया है। अब मुझे समझ नहीं आ रहा कि बच्चे स्कूल कैसे आएंगे? पुलिस को कुछ बनाना था तो कम से कम हमें नोटिस दे देते। हमारा दूसरा द्वार भी बंद है। वहां निर्माण कार्य हो रहा है, जहां से हम बच्चों को स्कूल में प्रवेश नहीं दे सकते। शुक्रवार को जो बच्चे स्कूल पहुंचे, उन्हें अगली सूचना तक घर जाने को बोल दिया है।

**एसपी ने स्कूल प्रबंधन पर ही उठाए सवाल**

दमोह के एसपी राकेश कुमार सिंह का कहना है कि यह जमीन पुलिस विभाग की है। अब उसका इस्तेमाल क्या और कैसे करना है, यह तो हम ही तय करेंगे। स्कूल प्रबंधन को अपने गेट का इस्तेमाल करना चाहिए। इतने दिन से वह पुलिस की जमीन का इस्तेमाल कर रहा था। अभी तक जो चलता रहा, वह ठीक है लेकिन अब पुलिस विभाग को जमीन की आवश्यकता है। बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया है।

## वीरांगना रानी दुर्गावती गौरव यात्रा÷ का आज बिछिया और मंडला आगमन

मंडला यशोः- वीरांगना रानी दुर्गावती गौरव यात्रा 23 जून को बिछिया और मंडला पहुंचेगी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश की विरासत की गौरव रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस 24 जून व जन्म दिवस 5 अक्टूबर से आज की पीढ़ी देशभक्ति और आत्मसम्मान के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा लें, इसीलिए ÷वीरांगना रानी दुर्गावती गौरव यात्रा÷ आयोजित की जा रही है। बालाघाट से प्रारंभ हुई यात्रा बैहर होते हुए 23 जून को दोपहर 12 बजे बिछिया पहुंचेगी, यह यात्रा रात्रि विश्राम डिंडोरी में करेगी। इसी प्रकार छिंदवाड़ा से प्रारंभ हुई यात्रा लखनादौन होते हुए मंडला पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगी। यह यात्रा रानी दुर्गावती के जीवन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण स्थानों से गुजरते हुए अमरकंटक में संपन्न होगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297